ॐ

वर्ष-7, अंक-10, 16-31 मई, 2022 ( पाक्षिक )

# चाणक्य वार्ता

राजभाषा हिन्दी की संपूर्ण अंतरराष्ट्रीय पत्रिका

ISSN 2456-1207

मूल्य : 50 रुपये

कुल पृष्ठ 68



## पश्चिम बंगाल विशेषांक

समय को पहचानना ही मनुष्य के सीखने की सर्वोत्तम कला मानी गई है-आचार्य चाणक्य




# चाणक्य वार्ता

सम्पूर्ण अंतरराष्ट्रीय पत्रिका

वर्ष : 7, अंक : 10, 16-31 मई, 2022


## अनुक्रम


5 सम्पादक के नाम पत्र

6 सम्पादक की कलम से

**पश्चिम बंगाल विशेषांक**

07 गौरवशाली है बंगाल का पौराणिक और धार्मिक इतिहास : अर्पिता दास गुप्ता

10 पश्चिम बंगाल : विभिन्न धर्मों, भाषाओं, रीति-रिवाजों, परंपराओं और जीवन शैली का एक अनूठा मिश्रण : आदित्य जैन

12 बंगाल की सांस्कृतिक और लोक विरासत : दिलीप बैनर्जी

14 विभिन्न संस्कृतियों को समेटती बंगाल की धरती : सुचित्रा शर्मा

17 पश्चिम बंगाल के पर्यटन स्थल करते है पर्यटकों को आकर्षित : पारोमिता घोष

20 बंगाल के महापुरुष : मास्टर सूर्यसेन, श्री नंदलाल बोस, रानी रासमणि, श्री राजनारायण बसु, आचार्य विष्णुकांत शास्त्री, श्री जुगल किशोर जैथलिया : विजय कुमार

24 कैसा होता नेताजी सुभाषचंद्र बोस के सपनों का भारत : लक्ष्मीनारायण भाला

27 भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में बंगाल की भूमिका : दीपजल शर्मा

29 भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में कलकत्ता का योगदान : संतोष मण्डल

30 बंग-भंग आंदोलन और ढाका में मुस्लिम लीग की स्थापना : सारांश कनौजिया

32 भारत को स्वतन्त्रता के साथ मिला विभाजन का दंश : विकास दास

34 पश्चिम बंगाल का जनआंदोलन : डॉ. प्रेरणा चतुर्वेदी

36 पश्चिम बंगाल का राजनीतिक इतिहास : अनिता मंडल

38 वामपंथी आंदोलन का गढ़ रहा है बंगाल : मनोरंजन मैत्रेय

39 'मुक्ति संग्राम'— बांग्लादेश का उदय : उमेश दास



**नई दिल्ली कार्यालय**
मुख्यालय :
**'सन्निधि', ए-28, मनसाराम पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059**
कॉरपोरेट कार्यालय :
**321, तृतीय तल, वर्धमान मॉल, प्लॉट-2, सेक्टर-19, द्वारका, नई दिल्ली-110077**
सम्पर्क : 09871909808, 08571841127
ई-मेल : **chanakyavarta@gmail.com**

**उत्तर क्षेत्र कार्यालय**
**एस.सी.ओ. 24, द्वितीय तल, सेक्टर-11, पंचकूला, हरियाणा-134112**
सम्पर्क : 0172-4672424, 09466988764

**पूर्वोत्तर क्षेत्र कार्यालय**
**116, कॉमर्स हाउस, एम.जी. रोड, फैंसी बाजार निकट ऐक्सिस बैंक, गुवाहाटी, असम-781001**
सम्पर्क : 09101834214, 9864337619

**दक्षिण क्षेत्र कार्यालय**
**13, नल्लन्ना मुदली स्ट्रीट, साहुकारपेट, चेन्नई-600 079**
सम्पर्क : 9342302248, 9941245660



संरक्षक
**डॉ. योगेन्द्र नारायण** (पूर्व महासचिव, राज्यसभा)
कुलाधिपति, गढ़वाल विश्वविद्यालय
**लक्ष्मीनारायण भाला** (वरिष्ठ साहित्यकार)

परामर्श मंडल
**ए. सूर्य प्रकाश** (पूर्व अध्यक्ष, प्रसार भारती)
**पद्मश्री डॉ. श्यामसिंह शशि**
(कुलाधिपति, रोमा विश्वविद्यालय)
**वेणुगोपालन** (वरिष्ठ पत्रकार)

सम्पादक मंडल
सम्पादक : **डॉ. अमित जैन**
कार्यकारी सम्पादक : **आर.पी. तोमर**
राजनीतिक सम्पादक : **ओम प्रकाश पाल**
उपसम्पादक : **सारांश कनौजिया**

संस्थापक राष्ट्रीय समन्वयक
**स्व. घनराज भाम्बी**
(वरिष्ठ पत्रकार—रक्षा सेनाएँ एवं अर्द्ध सैनिक बल)

राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार प्रभारी
**दिलीप बैनर्जी**, कोलकत्ता

आर्थिक सलाहकार मंडल
**सी.ए. मन्त्रेश्वर कर्ण**
**सी.ए. स्वीटी जैन**

अन्तरराष्ट्रीय सलाहकार मंडल
**धर्मपाल महेन्द्र जैन,** टोरंटो, कनाडा

विधि सलाहकार मंडल
**योगेश कुमार** (चेयरमैन, नेचर व्यू)
**अजय नागर** (स्वतंत्र पत्रकार)
**डॉ. भरत कुमार,** (शिक्षाविद्), बनारस

राज्य प्रभारी
उत्तर क्षेत्र प्रभारी—**विशाल शर्मा**, चंडीगढ़
पूर्वोत्तर क्षेत्र प्रभारी—**राजीब अगस्ती**, गुवाहाटी
दक्षिण क्षेत्र प्रभारी—**नवरतन पींचा जैन**, चेन्नई
पश्चिमी क्षेत्र प्रभारी—**आशा सिंह देवासी**, मुम्बई
पूर्वी क्षेत्र प्रभारी—**प्रकाश बेताला**, भुवनेश्वर
कर्नाटक प्रभारी—**हर्ष गोयल**, बेंगलुरु
तमिलनाडु प्रभारी—**जे.पी. ललवानी**, चेन्नई
मध्य प्रदेश प्रभारी—**लखनलाल चौरसिया**, भोपाल
पश्चिमी उ.प्र. प्रभारी—**अंकित जैन**, मेरठ

41 पूर्वी क्षितिज पर एक नए राष्ट्र बांग्लादेश का उदय : विशाल शर्मा

43 सियासत के मंझे हुए खिलाड़ी हैं राज्यपाल जगदीप धनखड़ : आरपी तोमर

45 साक्षात्कार— सिलीगुड़ी बनेगा विकास का इंजन : राजू बिष्ट

49 केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में पश्चिम बंगाल नहीं है पीछे : सोमा राय चौधुरी

50 औद्योगिक विकास के पथ पर पश्चिम बंगाल : योगेश कुमार

**समाचार जगत**

56 चाणक्य वार्ता पाक्षिक नामा

57 खबरों में देश-विदेश : सोनम जैन

58 उत्तर भारत की खबरें : विशाल शर्मा/शैलेन्द्र जैन

59 पूर्वोत्तर भारत की खबरें : राजीब अगस्ती/आलोक सिंह

60 दक्षिण भारत की खबरें : नवरतन पिंचा जैन/वेद प्रकाश पाण्डेय

61 पश्चिम भारत की खबरें : आशा सिंह देवासी/धीरेन बरोट

**जॉब अलर्ट**

62 सरकारी नौकरियों में अवसर : सी.ए. स्वीटी जैन

**सबरंग**

63 सिनेमा व टी.वी. : डॉ. महेश्वर



**देश भर में 'चाणक्य वार्ता' के प्रतिनिधि**

राज्य ब्यूरो चीफ

**धीरेन्द्र मिश्र**, नई दिल्ली
**डॉ. अमर सिंहल**, जयपुर, राजस्थान
**शैलेन्द्र जैन,** लखनऊ, उत्तर प्रदेश
**इन्द्रमोहन मिश्रा**, हरिद्वार, उत्तराखंड
**डॉ. गुलाब सिंह**, यमुना नगर, हरियाणा
**शरद छिब्बर**, चंडीगढ़
**रमेश गुप्ता**, उधमपुर, जम्मू-कश्मीर
**एस.के. व्यास**, जलंधर, पंजाब
**गुरुवचन सिंह**, शिमला, हिमाचल प्रदेश
**सतीश सिंह**, गुवाहाटी, असम
**आलोक सिंह**, शिलांग, मेघालय
**शुभ्रांशु दाम**, धर्मनगर, त्रिपुरा
**तुम्बम रीबा 'लीली'**, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश
**हुरई जेलियांग**, दीमापुर, नागालैंड
**डॉ. ललमुआनओमा साइलो,** आईजोल, मिजोरम
**किरन कुमार**, इम्फाल, मणिपुर
**डॉ. छुकी लेप्चा**, गंगटोक, सिक्किम
**वेद प्रकाश पाण्डेय**, बेंगलुरु, कर्नाटक
**ईश्वर करुण**, चेन्नई, तमिलनाडु
**जी. गौरीशंकर**, हैदराबाद, तेलंगाना
**उमा महेश्वर रेड्डी**, विजयवाड़ा, आंध्रप्रदेश
**श्रीकांत कण्णन**, पुडुचेरी
**अरुण लक्ष्मण,** तिरुवन्तपुरम, केरल
**धीरेन बरोट**, अहमदाबाद, गुजरात
**अमोस छेत्री**, पणजी, गोवा
**किशोर आपटे**, मुम्बई, महाराष्ट्र
**विनायक भिषे**, सतारा, महाराष्ट्र
**विनोद कुशवाहा**, भोपाल, म.प्र.
**आदेश ठाकुर**, रायपुर, छत्तीसगढ़
**सियानंद मंडल**, पटना, बिहार
**गौतम चौधरी**, राँची, झारखंड
**दिनेश जैन**, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
**राजेन्द्रपाल शर्मा**, पोर्टब्लेयर, अंडमान निकोबार

नेशनल सोशल मीडिया हेड

**आदित्य जैन**, यमुनानगर

नेशनल मार्केटिंग हेड

**दीक्षा कंबोज**, यमुनानगर

जिला ब्यूरो चीफ

**अविनाश पाठक**, नागपुर, महाराष्ट्र
**अनमोल जैन**, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**अजय भट्ट**, देहरादून, उत्तराखंड
**सुनीता गोस्वामी**, मथुरा, उत्तर प्रदेश
**डॉ. डी.के. अस्थाना**, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
**संजय सक्सेना**, कानपुर, उत्तर प्रदेश
**सोनम जैन**, दिल्ली
**ए. रणजीत**, आईजोल, मिजोरम


*नोट : देश के कोने-कोने में आप अपने समाचार पत्र हॉकर के माध्यम से घर बैठे 'चाणक्य वार्ता' पत्रिका मँगा सकते हैं। यदि आपको पत्रिका मिलने में कठिनाई होती है, तो आप 'चाणक्य वार्ता' के मुख्य प्रसार कार्यालय, नई दिल्ली में **08586858185** पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा*

***chanakyavarta@gmail.com** पर ई-मेल भी कर सकते हैं।*

***—प्रसार प्रबंधक***


*© सर्वाधिकार सुरक्षित। प्रकाशित सामग्री के उपयोग के लिए लेखक, प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है। प्रकाशित रचनाओं के विचार से 'चाणक्य वार्ता' पत्रिका का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अंतर्गत विचारणीय रहेंगे।*



**इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसाइटी, नई दिल्ली का पाक्षिक प्रकाशन**

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अमित जैन के लिए विकास कम्प्यूटर एंड प्रिंटर्स, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद से मुद्रित एवं ए-28, मनसाराम पार्क, नई दिल्ली से प्रकाशित।**

**सम्पादक : अमित जैन।**

आवरण व लेआउट : **स्वपन कम्यूनिकेशन, दिल्ली**

**वेबसाइट : www.chanakyavarta.com**

**आप सभी पाठकगण पत्रिका में प्रकाशित लेखों पर अपने विचार या कोई सुझाव हमें हमारी ई-मेल आईडी respons50123@gmail.com पर भेज सकते हैं। स्थान की उपलब्धता के अनुसार हम आपके विचारों को शामिल करने का प्रयास करेंगे।**
**—सम्पादक 'चाणक्य वार्ता'**

भारत सरदार पटेल के प्रयासों से एक देश तो बन गया, लेकिन एक विधान नहीं बन सका। इसके लिए समान नागरिक संहिता बहुत आवश्यक है। इस विषय पर चाणक्य वार्ता के 1 मई 2022 के अंक में डॉ. अमित जैन का संपादकीय पढ़ा। उन्होंने बड़े ही अच्छे ढंग से इस विषय को रखा है। हिन्दू समाज में पहले बहु विवाह,बाल विवाह, सती और जौहर जैसी कुप्रथायें थी, कानून बनने के बाद अब ये सब समाप्त हो गयी हैं। यदि इस कानून को बनाने के लिए एक-दो परम्पराओं को छोड़ना भी पड़े, तो इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

**डॉ. रमेश झुनझुनवाला**
**मुंबई, महाराष्ट्र**

चाणक्य वार्ता के 1 मई 2022 के अंक में शैलेंद्र जैन का इक्ष्वाकु वंश और जैन धर्म की तीर्थंकर परंपरा पर लेख पढ़ा। एक बार पुनः मेरा यह विश्वास पक्का हुआ कि भारत में जन्में सभी धर्म एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। हमारी पूजा पद्धति में बस थोड़ा सा अंतर है और यह हर काल में रहा है। हम आज जैन, बौद्ध, हिन्दू या सिख किसी भी धर्म को मानते हों, हम सभी के पूर्वज एक ही थे। लेखक शैलेंद्र जैन ने इसका एक उदहारण और उससे जुड़े साक्ष्य भी सुंदर तरीके से अपने लेख में प्रस्तुत किये हैं। हम सभी को अपने पूर्वजों पर गर्व है।

**हरीश जैन**
**नई दिल्ली**

चाणक्य वार्ता के 1 मई 2022 के अंक में रंजना मिश्रा का श्रीलंका की वर्तमान स्थिति और इस पर भारत की चिंता पर केंद्रित लेख पढ़ा। श्रीलंका भारत का पड़ोसी देश है और हम अपने पड़ोसी नहीं बदल सकते, इसलिए चिंतित होना स्वाभाविक ही है। चीन के चंगुल से श्रीलंका को निकालने के लिए भारत उसे लगातार सहायता दे रहा है, लेकिन भारत को अपनी आर्थिक चुनौतियों को भी देखना है। इसलिए सहायता देने की हमारी सीमा है। मैं उम्मीद करता हूं कि श्रीलंका की सरकार को भी ये बाते समझ में आ गई होंगी।

**वी.आर.डी. कृष्णन**
**चेन्नई, तमिलनाडु**

चाणक्य वार्ता के 1 मई 2022 के अंक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जम्मू-कश्मीर यात्रा पर आर.पी. तोमर का लेख पढ़ा। उन्होंने प्रधानमंत्री के जम्मू-कश्मीर के युवाओं को दिए गए भरोसे को इस रिपोर्ट का शीर्षक बनाया है। पिछले कुछ सालों में जम्मू-कश्मीर की स्थिति में सुधार तो आया है, लेकिन अभी इसे देश के अन्य राज्यों जैसा ही एक प्रदेश नहीं कहा जा सकता। आतंकवादियों की दहशत अभी भी प्रदेश के कुछ जिलों में पहले की तरह ही कायम है। एक भी आतंक की घटना पूरी मेहनत को बेकार करने का काम कर सकती है।

**मुकेश बाबू**
**शिमला, हिमाचल प्रदेश**

हरियाणा की मनोहर लाल सरकार के द्वारा बेटियों को समर्पित खेल मेले पर चाणक्य वार्ता के 1 मई 2022 के अंक में विशाल शर्मा के लेख को पढ़ा। हरियाणा खेती और खिलाड़ियों की भूमि है। यह प्रदेश दोनों ही क्षेत्रों में देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से इसे और बल मिला है। मेरा अनुरोध है कि भारत सरकार और हरियाणा सरकार यदि ऐसे खेलों पर भी बल दे, जो ओलम्पिक में शामिल नहीं हैं, तो यह प्रयास और भी बेहतर हो सकता है।

**रणदीप सिंह कौर**
**अमृतसर, पंजाब**

चाणक्य वार्ता के 1 मई 2022 के अंक में डॉ. अमित जैन का सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद की एक पहल पर लेख पढ़ा। गांव पर अभी भी हमारा ध्यान कम जाता है। पिछले कुछ सालों में गांवों की स्थिति सुधरी है, लेकिन अभी भी बहुत प्रयास होना शेष है। ऐसे में सिक्किम के राज्यपाल के द्वारा गांव पर विशेष ध्यान देना एक अच्छी पहल भी है। जहां तक मैं समझता हूं, उन्हें इस कार्य में प्रदेश सरकार का भी आवश्यक सहयोग मिल रहा होगा। क्योंकि भारतीय लोकतंत्र व्यवस्था में राज्य सरकारों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है।

**भूमि सिंह गुर्जर**
**सोनीपत, हरियाणा**

चाणक्य वार्ता के 1 मई 2022 के अंक में विनोद कुमार विक्की का लघु व्यंग्य और बदरी प्रसाद वर्मा अनजान की सत्य कथा पढ़ी। विनोद ने व्यंगात्मक ढंग से वर्तमान राजनीति और परिस्थितियों पर व्यंग्य किया है, जो विषय को स्पष्ट करते हुए प्रभावी तरीके से अपनी बात को रखता हुआ प्रतीत होता है। सत्य कथा में लेखक एक बुजुर्ग व्यक्ति लग रहे हैं। मुझे उनकी लिखित कथा को पढ़कर ऐसा लगा कि जैसे उन्होंने अपना वर्षों का अनुभव इस छोटी सी कहानी में लिख डाला हो।

**सचिन वी.**
**बैंगलुरू, कर्नाटक**

चाणक्य वार्ता के 1 मई 2022 के अंक में विद्वान लेखक डॉ. दिलीप जी ने लोगों को पुस्तक खरीदने की आदत डालने की सलाह दी हैं। मैं समझता हूं कि इंटरनेट के युग में पुस्तकों को पढ़ने का प्रचलन कम जरुर हुआ है, लेकिन यह कभी समाप्त नहीं होने वाला है। कई प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें आज भी हाथों हाथ बिकती हैं। उपन्यास पढ़ने वाले अपने प्रिय उपन्यासकार की अगली रचना का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ऐसा करने वालों में हर आयु वर्ग के लोग शामिल हैं।

**आर. सेल्वम**
**पुडुचेरी**

चाणक्य वार्ता के 1 मई 2022 के अंक में धर्मपाल महेंद्र जैन की पुस्तक पर मुकेश कुमार सिंह की समीक्षा पढ़ी। धर्मपाल जी के व्यंग्य मैं चाणक्य वार्ता में सदैव पढ़ता हूं। उन्होंने अपनी सुपरिचित विधा में एक और किताब लिखी है। समीक्षक और अपने अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि यह पुस्तक निश्चित ही समाज से जुड़े विभिन्न पक्षों को लोगों के सामने लाएगी और उन्हें इस बारे में विचार करने के लिए बाध्य भी करेगी।

**सुरेश जोगी**
**जयपुर, राजस्थान**